## स्पीड न्यूज

### एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने यातायात को सुलभ बनाने के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दे रखी है। वहीं एसपी ने कहा कि नये वर्ष आगमन एवं पुराने वर्ष की विदाई को लेकर लोग जश्न में डूबते हैं इस दौरान लोग छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर जश्न के साथ मदीरापान का सेवन करते हैं। शराब के नशे में लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। इसे लेकर एसपी ने विशेष दिशा निर्देश दी है। इस निर्देश के आलोक में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान, रेड़मा चौक, चियांकी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन, टेंपू व टोटो की जांच की गई। इस दौरान कई दो पहिया तीन पहिया वाहनों के कागजातों की जांच कर छोड़ दिया गया। समाल अहमद ने कहा कि कुल 36150 रूपये फाईन के रूप में राशि की वसूली की गई है। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों को बताते हुए सतर्कता बरतने को कहा गया है।

### चैनपुर प्रखण्ड में नहीं चलेगी लाभुकों से कमीशन खोरी : बीस सूत्री अध्यक्ष



चैनपुर पलामू। चैनपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है प्रखंड चैनपुर में मनरेगा के कार्यो में लाभुक से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ एवं पंचायत के रोजगार सेवक, मुखिया तक से 50 प्रतिशत लाभुकों से पैसों की उगाही की जा रही है। वैसे पदाधिकारी को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सरकार स्तर से करायी जायगी। इसकी सूचना मौखिक रूप से उप विकास आयुक्त, पलामू एवं बीडीओ, चैनपुर को मनरेगा के प्रखंड समन्वयक अरविंद सिंह के द्वारा की जा रही लाभुकों से पैसों की वसूली से संबंधित जानकारी अवगत कुछ दिन पूर्व में किया गया है। अभी हाल में 10-12-2024 को चैनपुर प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडर के उनके खाते में करोड़ों रुपये का भुगतान सरकार द्वारा करने के वाबजूद भी अभी तक लाभुकों को मनरेगा वेंडर के द्वारा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। कुछ लाभुकों का 50 प्रतिशत पैसों की कटौती कर उन्हें मनरेगा वेंडर के द्वारा भुगतान किया गया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में सरकार के द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजना में प्रखंड एवं अंचल में किसी भी अधिकारी के नाम पर पैसों की मांग की जाती हैं तो इसकी सूचना बीस सूत्री अध्यक्ष चैनपुर को अतिशीघ्र करे, ताकि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरगामी दृष्टि वाली सोच का सपना साकार हो सके।

### आचार्य धनंजय पाठक द्वारा लिखित पुस्तक समरोपदेश का लोकार्पण 29 को

मेदिनीनगर। पलामू जिला निवासी शिक्षक सह कवि आचार्य धनंजय पाठक की सद्यः प्रकाशित पुस्तक समरोपदेश (प्रबंध-काव्य) का लोकार्पण सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट के बैनर तले श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम में 29 दिसंबर दिन रविवार को किया जाना है। पाठक की पूर्व प्रकाशित पुस्तकों में हिंदी पूजा विधि, बत्तीसा सेवापराध, सारस्वत काव्य संग्रह आदि सम्मिलित हैं। इस अवसर पर सम्मान समारोह एवं भव्य काव्यगोष्ठी आयोजित है। जिसमें देश-विदेश के अनेकों कवि-कवयित्री काव्यपाठ करेंगे एवं सम्मानित भी होंगे। इसी समारोह में साझा संग्रह श्री राम का गुणगान है का भी लोकार्पण होना है। जिसमें आचार्य पाठक की भी रचनाएं सम्मिलित हैं।

### ग्रामीणों ने चंदा कर मलय नहर का कराया मरम्मत



मेदिनीनगर। मलय नहर के पक्कीकरण कार्य जहां हुए भी है वहाँ कूड़ा कचरा से पाइप जाम है वही कई जगह टूट गया है। इस कारण पानी नहर में छोड़ने पर पोलपोल तक पानी नही आ सकता है। बीच में ही पानी बहकर बर्बाद हो जाएगा। ग्रामीणों ने नहर जाम व टूटे हुए जगह पर मिट्टी भरवाने की मांग सिंचाई विभाग के अभियंता से की। परन्तु विभाग के द्वारा आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रबी फसल बुवाई कर दिए हैं। ऐसे में गेहूं के पटवन के खेत में पानी का जरूरत पड़ेगा परन्तु कई जगह पर नहर टूटने व पाइप जाम रहने के कारण खेत तक पानी नही पहुंच सकता है। ग्रामीण सुशील सिंह व अन्य लोगो ने गांव से चंदा इकठ्ठा कर शुक्रवार को टूटे नहर का मरम्मत जेसीबी के द्वारा कराया। वही नहर के पाइप को भी साफ सफाई कराया। सुशील सिंह ने बताया कि विभाग ने इस दिशा में कोई पहल नहीं किया गया तो थक हार कर नावाडीह, पोलपोल आदि गांव के ग्रामीण चंदा कर नहर मरम्मत कराने में मदद किये हैं। मौके पर सुधीर सिंह, जवाहर चन्द्रवंशी, शिव नारायण सिंह आदि लोग नहर मरम्मत कराने में शामिल थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनायी परमवीर अल्बर्ट एक्का की 82वीं जयंती



मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में परम वीर अल्बर्ट एक्का की 82 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। सर्व प्रथम अल्बर्ट एक्का के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि अल्बर्ट एक्का एक महान योद्धा थे। साथ ही वे हॉकी के अच्छे खिलाड़ी एवं महान देश भक्त थे। लॉस नायक अल्बर्ट एक्का परम वीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। 1971 ई० के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान गंगा सागर में तैनात किए गए थे भारत पाकिस्तान के युद्ध में दुश्मनों के दात खट्टे करते हुए शहीद हो गए थे। इन्हे मरणो परान्त सर्वोच सैनिक समान परमवीर चक्र प्रदान किया गया। वे एक मात्र एकीकृत बिहारी को जिन्हे परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। शिव नरायण साव ने अल्बर्ट एक्का की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्याम पाठक, जयपाल मोची, रामयाद उरॉव, सूरज कुमार, अरुण पासवान, सत्यम कुमार, प्रभात कुमार, यशवंत कुमार, दीपक कुमार, अभिषेक एवं नानक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का स्थापना दिवस तीन को : सतीश



मेदिनीनगर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा के जयंती पर प्रमंडल स्तरीय स्थापना दिवस मनाया जाएगा। नई मुहल्ला स्थित मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार के आवास पर प्रेस कांफ्रेंस में सतीश कुमार ने कहा कि राज्य स्थापना के 24 साल बितने के बावजूद आज तक कोई भी सरकार ने जयपाल सिंह मुंडा को सम्मान नहीं दिया। मोर्चा 3 जनवरी को राज्य में जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर झारखण्ड आन्दोलनकारी दिवस घोषित करने की मांग को लेकर उलगुलान का आह्वान किया जाएगा। प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला ने कहा कि हमारी मोर्चा के स्थापना दिवस पर पलामू प्रमंडल स्तरीय गढ़वा लातेहार पलामू जिला के आन्दोलनकारी 3 जनवरी को मोर्चा के स्थापना दिवस पलामू क्लब सदीक चौक मेदिनीनगर में 11 बजे से मनाया जाएगा। महासचिव प्रमोद सोनी ने सभी प्रखंड चिन्हित आन्दोलनकारी को कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पलामू में शोक की लहर

## डॉ सिंह के रूप में देश ने एक रत्न खो दिया : राजेंद्र सिन्हा

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने स्व मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के रूप में अपना एक रत्न खो दिया है। वे एक सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था में उदारीकरण कर अभूतपूर्व सुधार किये थे। वे एक राजनीतिज्ञ ही नहीं बल्कि आधुनिक भारत और उसके आकांक्षाओं के जनक थे। सिन्हा ने कहा कि उनके निधन से पक्ष और विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। इनका भरपाई भविष्य में नहीं किया जा सकता है। झामूमो परिवार ने इनके मृतात्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

## डॉ मनमोहन ने देश के विकास का मार्ग प्रशस्त किया था : चंद्रशेखर



मेदिनीनगर। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शुक्ला ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का निधन हम सभी के लिए शोकाकुल करने वाला है। वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने बिना किसी विवाद के निस्वार्थ सेवा और संयम के साथ देश के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कैसे बुद्धिमत्ता और दृढ़ नायकत्व के साथ राष्ट्र की तरक्की की जा सकती है। शुक्ला ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश के वित्त मंत्री के रूप में ऐतिहासिक था। उन्होंने ऐसे फैसले लिए, जिनकी वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर सम्मानित हुई। उन्होंने लाइसेंस राज को खत्म कर भारत की अर्थव्यवस्था को नया स्वरूप दिया, उदारवाद के रूप में उन्होंने भारत को एक उपहार भी दिया और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत भी किया। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। कांग्रेस नेता ने डॉ मनमोहन सिंह की विरासत को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा हमेशा हमारे साथ रहेगी और जब भी देश के विकास की बात होगी, उनका नाम अग्रिम पंक्ति में रहेगा। उन्होंने डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सिख समुदाय के लोगों ने पूर्व पीएम सरदार मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया



मेदिनीनगर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष दीवान के उपरांत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके बारे में बताते हुए इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि वह किसी पार्टी विशेष के नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री थे। उनका जीवन एक सादगी भरा आदर्श था। अपने पूरे जीवन काल में उन्होंने देश के लिए अनेक महत्वपूर्ण फैसले किये और देश के लिए कई कड़वे घूट भी पिए। उन्होंने अपने कार्यकाल को एक आदर्श बनाया और भारत को आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचा। प्रधानमंत्री के रूप में सर्वोच्च पद पर एक सिक्ख का होना ही अपने आप में गर्व का विषय था। शहर के सभी सिख समुदाय के लोगों पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। सिख समुदाय के लोगों ने परमपिता परमेश्वर से अरदास किया कि उन्हें अपने चरणों में निवास दें और पीछे पूरे परिवार को इस दुख की घड़ी में दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। कार्यक्रम में विशेष रूप से ज्ञानी सुंदर सिंह, राजेंद्र सिंह बंटी, चरणजीत सिंह, मेहर सिंह, साहिब सिंह, त्रिलोचन सिंह, त्रिलोक सिंह, अमरजीत सिंह, हरमीत सिंह काकू, इंद्रजीत सिंह जॉली रिपु दमन सिंह लल्लू सिंह हित सैकड़ो महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### धान अधिप्राप्ति में शिथिलता बरतने वाले पैक्सों को डीडीसी ने डी-नोटिफाई करने का दिया निर्देश

# वजन संबंधी शिकायत पर करें कार्रवाई

शब्बीर अहमद ने की धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी।

जिला सहकारिता कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में डीडीसी अहमद ने पिछले 12 दिनों में हुए धान खरीद की जानकारी ली। डीएसओ प्रीति किस्कु ने बताया कि अबतक 41 पैक्सों से 18683.94 क्विंटल धान का क्रय किया गया है। इसपर डीडीसी ने चिंता जाहिर करते हुए धान क्रय में तेजी लाने की दिशा में सभी संबंधितों को कार्य करने के निर्देश दिये। धान क्रय की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने अब तक जिन पैक्सों द्वारा पांच से कम किसानों से धान क्रय किया गया है उनकी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बिश्रामपुर, सलतुआ, हरिहरगंज पूर्वी, वीकेएसएस अग्रिफार्म एफपीओ, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कंडा, मोहम्मदगंज, तीसीबार कला, पचकेड़िया, उदयपुरा टू, करकट्टा एफपीओ पैक्स द्वारा 5 से भी कम किसानों से धान क्रय किया गया है। इस पर डीडीसी ने कहा कि 31 दिसंबर तक इन पैक्सों द्वारा धान क्रय में तेजी नहीं लायी जाती है तो इन्हें डी-नोटिफाई करने की कार्रवाई करें।

**जिला स्तरीय मोनिटरिंग सिस्टम को करें विकसित**

बैठक में उप विकास आयुक्त अहमद ने डीएसओ को किसी भी पैक्स से धान वजन से संबंधित किसी तरह का शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम को विकसित करने पर बल दिया। वहीं सभी क्रय केंद्रों पर विजिटिंग रेजिस्टर रखने व प्रत्येक सप्ताह में नोडल पदाधिकारियों संग बैठक करने की बात कही। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा व विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### विधायक ने डीएसओ को दी जांच कर पैक्स पर कार्रवाई का निर्देश

# धान क्रय केंद्र मे हो रही है भारी गड़बड़ी : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



पांकी पलामू। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों ने धान क्रय केंद्र में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने की शिकायत की है। किसानों ने बताया कि जब वे लोग धान की बिक्री करने के लिए केंद्र पर जा रहें हैं तो क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा मनमानी बरती जा रही है। किसानों के धान में प्रति क्विंटल में पांच किलो धान कटौती कर दी जा रही है। विधायक मेहता ने इसकी सूचना जिला अपूर्ति पदाधिकारी को दूरभाष पर देते हुए जो धान क्रय केंद्र में गड़बड़ी की जा रही है उस केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि किसानों को उनके धान का वास्तविक मूल्य मिल सकें। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि किसानों के साथ धोखाधड़ी वह कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि किसान काफी मेहनत व पूंजी लगाकर फसल उगाते हैं ऐसे उनके साथ गड़बड़ी करने वाले को वें बख्शेंगे नहीं चाहे उन्हें जिस हद तक जा कर आंदोलन भी करना पड़ेगा। विधायक ने डीएसओ से नियमित रूप से धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करने की अपील की, ताकि धान क्रय केंद्र में कोई गड़बड़ी नहीं हो सकें।

## मझौली से गम्हेथा मस्जिद तक तीन किमी किया जा रहा पथ का निर्माण

संवेदक ने नहीं लगाया शिलापट्ट विभागीयकर्मियों की मिलीभगत से योजना का बंदरबांट

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड अंतर्गत एक ऐसा योजना भी है जिसमें संवेदक द्वारा काम तो शुरू कर दिया गया लेकिन योजना में शिलापट्ट नहीं लगाया गया। प्रखंड अंतर्गत मझौली से गम्हेथा मस्जिद तक 3 किलोमीटर की दूरी तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें संवेदक द्वारा ना ही शिलान्यास कराया गया और ना ही शिलापट्ट लगाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कर्मियों के मिलीभगत से योजना का बंदरबांट किया जा रहा है। इसे कोई देखनेवाला नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई भी योजना के क्रियान्वयन से पहले योजना स्थल पर योजना का शिलापट्ट लगाया जाता है ताकि योजना की पारदर्शिता बनी रहे लेकिन यहां बिना शिलापट्ट के संवेदक द्वारा काम शुरू कर दिया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में बोले अविनाश देव- बच्चें उच्च शिक्षा लेकर देश के सर्वोच्च पद को हासिल करें

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति युवा मंच औरंगाबाद के तत्वावधान में मैट्रिक इंटर पास विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव शामिल थे। मौके पर समिति के लोगों गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। मौके पर देव ने कहा कि जिंदगी का मकसद सिर्फ पेट भरना नहीं है, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में सर्वस्व न्योछावर करना है। कहा कि आप उच्च शिक्षा लेकर देश के सर्वोच्च पद को हासिल करें, समाज की यही बड़ी उपलब्धि होगी। राजनीति सर्वोच्च शक्ति है, इसे समझें और करें, क्योंकि राजनीति की शुरूआत विद्यार्थी जीवन से ही होती है। राजनीतिक हैसियत के बिना किसी भी पुरस्कार का कोई मतलब नहीं है। इस मौके पर उन्होंने बेहतर आयोजन के लिए राज्याध्यक्ष रूपेश, महामंत्री पिंटू गुरु, अटल और औरंगाबाद समिति की पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया।

### तबीयत खराब होने से अखबार बिक्रेता अंबिका प्रजापति की हुई मौत



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत बंजारी ग्राम निवासी अम्बिका प्रजापति की मौत अचानक तबीयत खराब हो जाने से हो गयी। वह अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री छोड़ गये हैं। जानकारी के अनुसार अम्बिका प्रजापति अचानक बीमार हो गये। इसे देखकर परिजनों ने स्थानीय स्तर पर डॉक्टर से ईलाज करवाया। इसके बाद उसकी तबियत और बिगड़ गई और मौत हो गयी। अम्बिका प्रजापति पाटन प्रखंड में अखबार बेचने का काम करता था। वह अखबार बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके आकस्मिक मृत्यु हो जाने से लोगों में शोक व्याप्त है। इनके मौत पर कई अखबार बिक्रेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### व्यवसायी से लूट, मामला दर्ज

पाटन पलामू। कामेश्वर सोनी पिता गुलाब चंद सोनी के साथ करर कला ग्राम में लुटपाट करने का मामला पाटन थाना में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पाटन निवासी कामेश्वर सोनी सोने चांदी बेचने का काम घुम घुम कर किया करते थे। कामेश्वर सोनी ने सोने चांदी बेचने के लिए निकले थे उसी क्रम में करर कला ग्राम के पुल के पास बाईक सवार ने धक्का मार कर गिरा दिया तथा पिस्टल सटाकर बैग में रखे सोने चांदी लेकर फरार हो गये। भुक्तभोगी कामेश्वर सोनी ने सौ ग्राम सोना एवं आधा किलो चांदी लुटने का मामला पाटन थाना में अज्ञात लोगों पर दर्ज कराई है। वहीं पाटन थाना इस घटना कि तहकीकात कर रही है।

## प्रस्तावित धरना कार्यक्रम स्थगित : उमेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। किशुनपुर क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्या को दूर करने हेतु जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह के द्वारा विधुत महाप्रबंधक कार्यालय मेदिनीनगर को आवेदन दिया गया था। साथ ही किशुनपुर क्षेत्र की बिजली समस्या को दूर करने का आग्रह किया गया था। मांगों पर पहल नहीं करने पर 27 दिसंबर को सिंह द्वारा मेदिनीनगर विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में धरना व तालाबंदी कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था। सिंह ने कहा कि अब बिजली विभाग द्वारा मांगों पर पहल किया जा रहा है इसके बाद धरना स्थगित कर दिया गया है। सिंह ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा जो कुम्हवा ग्रिड के किशनपुर फीडर से तरहसी प्रखंड के गावों तक जाती थी जिससे किशुनपुर रूट ज्यादा लम्बा हो जाने के कारण किशुनपुर क्षेत्र में बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई थी। सिंह ने कहा कि उक्त समस्या को दूर करने हेतु 26 अगस्त को तरहसी प्रखंड के गावों को तरहसी प्रखंड के परसाई विद्युत ग्रिड से जोड़ने हेतु विद्युत विभाग द्वारा पोल एवं अन्य सामग्री को उक्त स्थल पर उपलब्ध कराते हुए कार्य शुरू कर दिया गया था तथा 30 अगस्त तक उक्त कार्य को पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिया गया। जिसके फल स्वरुप बिजली विभाग द्वारा उक्त मांगों के समर्थन में कार्य प्रारंभ किया गया था।

## इस्कॉन का भव्य नगर संकीर्तन आज, भाग लेंगे शहरवासी

मेदिनीनगर। हरे कृष्णा प्रचार केंद्र गीता भवन इस्कॉन के भक्तों के द्वारा तीन दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 29, 30 व 31 दिसंबर को किया जायेगा। प्रत्येक दिन सुबह पांच बजे से रात नौ बजे तक हरिनाम कीर्तन, भागवत प्रवचन, प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में किया जायेगा। 28 दिसंबर को दो बजे से भव्य नगर संकीर्तन निकाला जायेगा। संकीर्तन महान वैष्णव भक्तों के सानिध्य में गीता भवन से प्रारंभ होगा जो पूरे शहर का भ्रमण करेगा। इस संकीर्तन में शहरवासी भाग लेंगे। वृंदावन, मायापुर व बद्रीकाश्रम गुरूकुल से सैकड़ों वैष्णवों का आगमन परम वैष्णव डा केशवानंद प्रभु जी के सानिध्य में हो रहा है। इसकी जानकारी इस्कॉन के अरबिंद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रम डा केशवानंद प्रभुजी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप महापौर मंगल सिंह, अभिषेक, रूपेश, श्याम, मिथि लेश, प्रेम, संदीप, अजय, गोलु ध्रुव सिंह, राहुल, सुजांति, रिंकु, अमृतकेली, रोहित, एकादशी, गुड़िया समेत शहर के गई गणमान्य लोग सक्रिय हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री का निधन देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति : झारखण्ड क्रांति मंच



मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ,मंच के पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम एवं केन्द्रीय सदस्य यासीन अंसारी ने मेदिनीनगर में संयुक्त शोक सभा कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। मंच के नेताओं ने कुशल प्रशासक, अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि डॉ मनमोहन सिंह का निधन ना केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। झारखण्ड क्रांति मंच परिवार उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता है।

### गवर्नर रोड कोयल नदी पर पुल निर्माण की मांग

मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज गर्वनर रोड कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण जनहित में अतिआवश्यक है। इसे लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने भारत सरकार दिल्ली को एक मांग पत्र प्रेषित किया है। मांग पत्र में बताया गया है कि उक्त पुल के निर्माण से गढ़वा जिला के कांडी, श्रीनगर व पांडूका बिहार के बीच सोन नदी में बन रहे पुल का सीधा जुड़ाव मात्र 15 किमी तक मोहम्मदगंज, दोहरी, औरंगाबाद पथ से आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगा। मोहम्मदगंज स्टेशन गढ़वा जिला के कांडी, मझिआंव, भवनाथपुर, केतार सहित सोन नदी से सटे बिहार राज्य के रोहतास जिला के गांव के ग्रामीणों का रेल हेड है। उक्त पुल बन जाने से रेलवे का सुलभ सुविधा का लाभ भी मिलेगा। छोटे बड़े वाहनों का निर्बाध संचालन होगा। बिहार के औरंगाबाद, डेहरी, मोहम्मदगंज पथ से गढ़वा जिला के क्षेत्र से होकर छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, यूपी जाने में 80 से सौ किमी की दूरी कम होगी।

## पांकी : मजदूर किसान कॉलेज के एनएसएस छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए बनारस रवाना

दो दिनों के भ्रमण में वे काशी विश्वनाथ मंदिर जायेंगे और महादेव के दर्शन करेंगे





खबर मन्त्र संवाददाता

पांकी पलामू। पांकी के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट (एनएसएस) के छात्र हर वर्ष की तरह इस साल भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए बाबा नगरी गये। सभी छात्रों ने शुक्रवार सुबह आठ बजे यात्रा के लिए प्रस्थान किया। दो दिनों (27-28 दिसंबर) के भ्रमण में वे काशी विश्वनाथ मंदिर जायेंगे और महादेव के दर्शन करेंगे। 50 स्वयंसेवक सेविकाओं के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी पुरुषोत्तम सिंह भी साथ गये हैं। प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण स्वयंसेवक सेविकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह ने छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इसे एक अच्छी पहल बताते हुए दीं। महाविद्यालय के अध्यक्ष व चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मिना, सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस यात्रा को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

## पांकी में कैंडल मार्च निकालकर दुष्कर्म पीड़िता को दी श्रद्धांजलि

### हत्यारे को फांसी की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता





पांकी। गुजरात के भरूच में दुष्कर्म और हत्या की शिकार पांकी की नाबालिग बेटी को न्याय दिलाने के लिए पांकी बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी लालसूरज ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी को फांसी की सजा देने और फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की। बताया कि घटना में मृत बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई थी। कैंडल मार्च में पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जयसवाल कांग्रेस नेता आफताब आलम, मो. आलम, पंचायत समिति सदस्य बबलू भुइयां और कई स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च में कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब आलम, अकमल खान, पूर्व प्रत्याशी मो आलम, ढूब पंचायत समिति सदस्य बबलू भुइयां,मुखिया विनोद कुमार यादव सौदागर सिंह, पूर्व मुखीया कामख्या नारायण सिंह, अरुण वर्मा, अरविंद सिंह संजय भुइयां राजू भुइयां, नरेश भुइयां, छोटू भुइयां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
शनिवार 28.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 247
epaper.khabarmantra.net
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## एसीबी ने किया प्रधान सहायक और सहकर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

### जमीन के कागजात की नकल निकालने के एवज में ले रहे थे 6500 रुपये

**मनोहर महतो ने रिकॉर्ड रुम के बड़ा बाबू के खिलाफ की थी शिकायत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने धनबाद के पुराने डीसी कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में छापा मारा और प्रधान सहायक संजय कुमार और उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

धैया निवासी मनोहर महतो ने जमीन संबंधी दस्तावेज की नकल निकालने के लिए आवेदन दिया गया था। नकल निकालने के एवज में प्रधान सहायक ने रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने आरोप का सत्यापन किया और जाल बिछाकर प्रधान सहायक और उनके सहकर्मी को 6,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

एसीबी डीएसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पुराने डीसी ऑफिस में जिला अभिलेखागार यानी रिकॉर्ड रूम में प्रधान सहायक (बड़ा बाबू) के पद पर पदस्थापित संजय कुमार एवं उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को आज एसीबी की टीम ने साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा।

दोनों की गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने भिस्तीपाड़ा स्थित देवालय अपार्टमेंट में आरोपी संजय कुमार के फ्लैट में भी दबिश दी। हालांकि टीम को उनके घर से कुछ हाथ नहीं लगा। एसीबी डीएसपी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज निकालने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतकर्ता धैया निवासी मनोहर महतो ने विगत 20 तारीख को एसीबी में शिकायत की थी। टुंडी क्षेत्र में उनकी एक जमीन है, जिसके सिलसिले में दस्तावेज निकालने के लिए मनोहर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इसी साल धनबाद रिकॉर्ड रूम से ही एक लिपिक शुवेंन्दु को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस साल का यह एसीबी का 11 वां ट्रेप है।

## बीडीओ ने की आवास एवं मनरेगा योजनाओं की सामीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ मुरली यादव की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। बैठक में पंचायत सेवक व रोजगार सेवक भी मौजूद थे। बीडीओ ने पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्य के अलावा 15 वें वित्त से चलाई जा रही योजना, अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना आदि की समीक्षा की।

उन्होंने पंचायत सेवक व रोजगार सेवक को लंबित आवासों को अविलंब पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं से संबंधित फाइलों को अधूरा ना छोड़ें, उसे त्वरित ढंग से पूरा करें। कहा कि मनरेगा के तहत पूर्ण योजनाओं को बंद करें। अबुआ आवास में युद्ध स्तर पर डिमांड करें। साथ ही मजदूरों का सौ दिन का कार्य पूर्ण कराएं। अबूआ आवास का रजिस्ट्रेशन करें। बैठक में जेई अमित कुमार, सुमन पंडित, कैलाश मंडल, पंचायत सचिव अनिकेत कुमार, पम्पा माझी, सुचिता मरांडी, गीता लागोरी, रोजगार सेवक फहमुद्दीन अंसारी, मजहर अंसारी, सुल्तान अंसारी, सुमन्तो दास, विष्णु सोरेन आदि मौजूद थे।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के 6 गुर्गे गिरफ्तार

### 3 पिस्टल, 16 कारतूस, स्विफ्ट डिजायर कार, बाइक और 7 मोबाइल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में पुलिस ने साल के अंत में बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए काम करने वाले 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने 3 पिस्टल, 16 कारतूस, एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक नीले रंग की पल्सर बाइक और 7 मोबाइल बरामद किए हैं। इस गिरफ्तारी के साथ ही गोलीबारी और हत्या से जुड़े तीन बड़े मामलों का भी उद्भेदन हो गया है।

सूचना मिली कि प्रिंस खान गिरोह के कुछ अपराधकर्मी हथियार के साथ लैश होकर कही हत्या या फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस सूचना के सत्यापन के बादं टीम गठित कर पूरे जिले की नाकेबंदी की गई और चेकिंग शुरू हुई। इसी बीच केंदुआडीह थानांतर्गत शिमलाबहाल ब्रिज के पास वाले स्थान से अपराधकर्मी राजेश कुमार बधावन, अजय कुमार सिंह एवं सागर कुमार मल्लाह उर्फ बिटटू को एक स्वीफ्ट डिजायर कार से हथियार, गोली, मोबाइल आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। कतरास थानांतर्गत निश्चितपुर रेलवे साइडिंग के पास गणेश गुप्ता एवं करण सिंह को मोटरसाइकिल से भागते हुए पीछा कर गिरफ्तार किया गया। उनके पास से भी हथियार, गोली आदि बरामद हुए। सूचना के आधार पर उसके एक अन्य सहयोगी प्रियेश कुमार सिंह को धनबाद बस स्टैंड से पकड़ा गया।

गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने पूछताछ के दौरान खुद को प्रिंस खान गिरोह का सदस्य बताया है। उन्होंने हाल ही 13 दिसंबर 2024 को बरबडडा थानांतर्गत कुर्मीडीह में सीमेंट व्यापारी चेतन महतो पर फायरिंग, तेतुलमारी थानांतर्गत रेलवे साइडिंग में विगत 2 दिसम्बर को फायरिंग तथा प्रिंस खान के इशारे पर 19 दिसंबर 2024 को बलियापुर थानांतर्गत मार्शलिंग यार्ड में कार्यरत मजदूर को गोली मारने की बात स्वीकार की है। उनसे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अन्य संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

गिरफ्तार अपराधकर्मियों में मुख्य गणेश गुप्ता है, जिसने प्रिंस खान के निर्देश पर शूटरों एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था कर घटनाओं को अंजाम दिलवाया है। उल्लेखनीय है कि 26 सितंबर 2024 को जेल से जमानत से बाहर आए तथा छुटते ही संगठित तरीके से एक से एक कारनामों को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके विरूद्ध हत्या, लूट, रंगदारी एवं फायरिंग सहित विभिन्न धाराओं में कुल 13 से अधिक कांड पहले से दर्ज हैं। उसके साथ गिरफ्तार अन्य अपराधकमीर्यों के विरुद्ध भी विभिन्न धाराओं में कई कांड दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार करण सिंह को छोडंकर सभी पहले भी जेल जा चुके हैं। प्रेस वार्ता में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### गिरफ्तार अपराधियों से जुड़े बड़े खुलासे

धनबाद के एसएसपी हरदीप पी. जनार्दनन ने बताया कि केंदुआ, कतरास और मधुबन इलाकों से पकड़े गए अपराधियों की पूछताछ में यह जानकारी मिली कि ये शाहबुद्दीन गोलीकांड, सीमेंट कारोबारी चेतन महतो गोलीकांड और तेतुलमारी रेलवे साइडिंग में फायरिंग के अलावा बलियापुर में मार्शल यार्ड ठेकेदार के कर्मी पर गोली चलाने की घटनाओं में शामिल थे।

### स्पीड न्यूज

#### पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक सभा

**तोपचांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर तोपचांची के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख आनंद महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी, अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह और प्रखंड तथा अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ मनमोहन सिंह को एक महान अर्थशास्त्री और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नए आयाम पर पहुंचाया और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महेंद्र रवानी, दिनेश कुमार महतो, नीलकंठ दास, बलदेव कुमार, अनूप राम, हमीदा खातून, साकेत सिंहा, संजय कुमार, सुरेन्द्र हेमब्रम, सुनैना महतो, प्रीति कुमारी, राजन राम, मुकेश महतो, श्रीकांत, केशव नाथ, समरेश राणा समेत प्रखंड और अंचल के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

#### सहायक अध्यापक संघ की बैठक संपन्न

**महुदा।** महुदा स्थित ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर में शुक्रवार 27 दिसंबर को झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघ की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख की नाजुक स्थिति को देखते हुए सहयोग का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार शर्मा संचालन संजय सिंह ने किया। बच्चू प्रसाद सिंह, अमित सिंह, सुरेश कुमार, रामप्रसाद, उज्जवल शील निरंजन महतो, कुतुबुद्दीन अंसारी, नीमाय हजारी, सर्वजीत पासवान, रियाजुल अंसारी, सतीश देशवाली सहित कई सहायक अध्यापक उपस्थित थे। मालूम हो कि गत दिनों उनकी तबीयत काफी बिगड़ गयी थी। फिलहाल वे रिम्स रांची मे इलाजरत हैं।

#### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिये निर्देश



जामताड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य नारायणपुर में शुक्रवार को मासिक सामीक्षा बैठक हुई। बैठक में जामताड़ा सिविल सर्जन डॉक्टर कालिदास मुर्मू मौजूद थे। सिविल सर्जन ने बताया कि मासिक बैठक में सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है। स्वास्थ्य कर्मियों को कई निर्देश दिये गये। मातृत्व एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति स्वास्थ्य कर्मियों को अपनी जिम्मेवारी निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव पर जोर दें। प्रस्तुति महिला का रजिस्ट्रेशन करें, ताकि बच्चों का मोबिलाइजेशन कर सकें। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एके सिंह डॉक्टर अर्णव कुमार बीपीएम अखिलेश कुमार सिंह, सीएचओ, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### एक नजर में

#### दिवंगत मजदूर नेता सूर्यदेव सिंह की जयंती पर रागिनी सिंह का आह्वान



**झरिया।** झरिया के पूर्व विधायक एवं कोयलांचल के मशहूर मजदूर नेता स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की 85 वी जयंती पर शुक्रवार को विधायक रागिनी सिंह ने सहयोगियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कतरास मोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के दिखाए गए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया, ताकि पूरी झरिया अपराधमुक्त और भयमुक्त हो सके। इस अवसर पर स्वरूप भट्टाचार्य, राज किशोर जैना, अवधेश साव, अरुण साव, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, रूपेश सिंह, राहुल सिंह, रघु राम, पिंकु चौबे, गोपाल चौधरी, मनीष सिंह, तरुण रॉय, संतोष रवानी, रंजीत दास, पंकज सिंह, रवि आजाद, संजय महतो आदि मौजूद थे।

#### एचयूआरएल प्रबंधन युवकों को कौशल विकास के लिए देगा प्रशिक्षण



**सिंदरी।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एस पी मोहंती के एकदिवसीय सिंदरी प्रवास में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में उनसे एचयूआरएल गेस्ट हाउस में मिला। युवाओं को कौशल विकास के अंतर्गत प्रशिक्षण देने, सिंदरी में 10 बेड के अस्पताल, विद्यालय को खोलने, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों को कार्यक्रमों के लिए कम्यूनिटी हाल की व्यवस्था करने तथा नेहरु मैदान के सौंदर्यीकरण से संबंधित मांग पत्र सौंपा। प्रबंध निदेशक एस पी मोहंती ने भाजपा नेताओं को बताया कि एचयूआरएल प्रबंधन ने कौशल विकास के लिए सीपेट के साथ समझौता किया है। सीपेट युवाओं को 6 माह का प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण अवधि में युवाओं के रहने और भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था करेगा। प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जाएगी। चिकित्सा सुविधा के लिए बंद अस्पताल और शिक्षा के लिए बंद विद्यालय भवनों का उपयोग करने के लिए बोर्ड में प्रस्ताव रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कम्यूनिटी हाल की व्यवस्था करने तथा नेहरु मैदान के सौंदर्यीकरण का आश्वासन भी दिया। यह जानकारी भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने दी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता शैलेश सिंह, राकेश तिवारी शामिल थे।

#### नृत्य, संगीत के साथ स्वामी विवेकानंद विद्यालय का रजत जयंती समारोह संपन्न



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा सुंदर नगर स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय ने शुक्रवार को 25 साल पूरे होने का जश्न मनाना शुरू किया। विद्यालय परिसर में इस दो दिवसीय समारोह का आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इस खास मौके पर सैकड़ों अभिभावक भी मौजूद थे। बच्चों ने गणेश वंदना और राम आएंगे जैसे नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने एक बढ़ कर एक नृत्य,संगीत एवं ड्रामा पेश किए। विद्यालय के निर्देशक विवेक सिंह ने बताया कि आज विद्यालय अपना पच्चीसवां वर्षगांठ मना रहा है। विद्यालय अनुशासन रहित शिक्षा प्रदान करता है। वही विद्यालय के प्राचार्य संजीव साव ने बताया कि वर्ष 1998 में स्वामी विवेकानंद विद्यालय की स्थापना की गई थी। उस समय विद्यालय में मात्र साठ बच्चे शिक्षा ग्रहण करते थे और आज अठारह सौ बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय में न्यूनतम राशि पर ही उच्च कोटि की शिक्षा दी जाती है और बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मुख्यअतिथि चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारे क्षेत्र के सभी विद्यालयों में पुलिस द्वारा बच्चों को जागरूक करने की पाठशाला चलाई जाए। पूर्व में इस तरह का कार्यक्रम हुआ था और आगे भी ऐसे आयोजन होने से बच्चों में जागरुकता आएगी। क्या सही है और क्या गलत है इसे बच्चे पहचान पाएंगे।

#### झूमर गीत के साथ शुरू हुआ निरसा गुंडुवा मोड़ में 33वां विनोद मेला



मैथन। विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति की ओर से निरसा क्षेत्र के गुंडुवा मोड़ में शुक्रवार को 33वां विनोद मेला का उद्घाटन हुआ। नेताओं, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और संस्था के लोगों ने जननायक स्व विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जामताड़ा के इंद्रमोहन महतो के नेतृत्व में भव्य झूमर गान प्रस्तुत किया गया। इस दौरान झुमर प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें आठ टीम शामिल हुई। अव्वल टीम को पुरस्कृत किया गया। विनोद बिहारी महतो के नाती राहुल कुमार, पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, नेता अशोक मंडल, जिप सदस्य पिंकी मरांडी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर समिति अध्यक्ष उमापद महतो, सचिव जनमेजय महतो, सहसचिव मेघनाद महतो, संगठन सचिव भानु प्रसाद कोल, कोषाध्यक्ष दयाल चंद्र महतो, डॉ बलराम रवानी, मानिक चंद्र महतो, नेपाल महतो, सचिन कुमार महतो, चंडी चरण महतो, भीम महतो, रमेश महतो आदि मौजूद थे।

## कोल इंडिया सिक्योरिटी एसोसिएशन ने दी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** पुटकी ए टाइप स्थित श्रमिक क्लब में शुक्रवार को कोल इंडिया सिक्योरिटी एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें एसोसिएशन का तृतीय स्थापना दिवस मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर अध्यक्ष विजय कुमार, महामंत्री गुड्डू खान, कमल खान, शमशेर खान, प्रदीप पासवान, संजय दास, एसएन यादव, रामजी पासवान, सुनील महतो, शंकर कुमार, सुखदेव मंडल, दुर्गेश कुमार, मुनेश्वर महतो, महेश प्रसाद, दिवाकर महतो आदि मौजूद थे।

## गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए रागिनी सिंह ने उपायुक्त से की कंबल व अलाव की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



झरिया। झरिया विधानसभा क्षेत्र में ठंड ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। शाम ढलने के साथ ही तेज ठंड का अहसास होने लगा है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों और खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले गरीबों को हो रही है। बावजूद जिला प्रशासन की ओर से गरीबों व मजदूरों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कोई व्यवस्था शुरू नहीं की गई है।

झरिया के चौक चौराहों पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सरकार की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी नहीं किया जा रहा है। इन सभी मामलों पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में झरिया विधायक ने कहा है कि जरूरतमंदों की ओर से लगातार कंबल और अलाव जलाए जाने के लिए आवेदन मिल रहे हैं। ठंड के प्रकोप से बचने के लिए दोनो ही चीजें अतिआवश्यक हैं, जिसे अति शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

## भाजपा नेताओं ने डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सांसद ढुल्लू महतो ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में सांसद ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ की सादगी और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। अर्थशास्त्र के विद्वान, आर्थिक सुधारों के महानायक डॉ मनमोहन सिंह जी मौन हो गए। उनके जाने से आर्थिक सुधारों के एक युग का अंत हो गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, महान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह का निधन न केवल उनके परिवार, उनके समर्थकों के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए बहुत ही दुखद और अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से देश ने एक ऐसा राजनेता, ऐसा अर्थशास्त्री खो दिया है, जिससे देश को बहुत उम्मीद और विश्वास था। देश को मजबूत करने के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनसे कई बार मिलने का मौका मिला।

पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह जी का हमारे बीच से चले जाना अत्यंत कष्टकारी है।

## बाघमारा में रैयती जमीन पर दबंगों का कब्जा, महिला ने लगाई न्याय की गुहार



**धनबाद।** सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक नियाज अहमद के जनता दरबार में शुक्रवार को रैयती जमीन पर अवैध कब्जा का मामला पहुंचा। पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिले से आयी बुजुर्ग महिला ने बताया कि बाघमारा अंचल में उनकी रैयती जमीन है, जिस पर कुछ दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। बैंक मोड़ से आए एक व्यक्ति ने बताया कि सबलपुर मौजा में उनकी पैतृक जमीन है, जिस पर वहां का एक दबंग व्यक्ति कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। झरिया से आए व्यक्ति ने कहा कि वार्ड 46 गोलकडीह में हर घर नल जल योजना के तहत पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करनी थी। लेकिन अब तक किसी भी घर में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। उक्त सभी मामलों को लेकर सहायक निदेशक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया है।

## डीएवी सिंदरी में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार की रात दिल्ली के एम्स में हो गया। शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्लोबलाइजेशन के जनक, महान अर्थशास्त्री, महान राजनैतिज्ञ और प्रधानमंत्री के रूप में डॉ मनमोहन सिंह हमेशा याद किये जाएंगे। उनका जाना देश के लिए बड़ी क्षति है। विद्यालय परिवार ऐसे महान व्यक्तित्व को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पी सी मोदी, प्रजेश चौबे, बृज किशोर द्विवेदी, माहेश्वरी प्रसाद पाण्डेय, विजय कुमार यादव, सौरभ बनर्जी, राजेश चंद्र तालुकदार, श्रेयश पाण्डेय, आनंद गोपाल द्विवेदी, साधना सिंहा, शंकर रॉय ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## चासनाला खान दुर्घटना के शहीद खनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि

**49वीं बरसी पर भावुक हुए परिजन, अधिकारी, नेता और गणमान्य लोग**

खबर मन्त्र संवाददाता



**चासनाला।** सेल चासनाला कोलियरी के डीप माइंस में 27 दिसंबर 1975 को जल समाधि लेने वाले 375 खनिकों को शुक्रवार को नम आखों से श्रद्धांजलि दी गई। चासनाला साउथ कॉलोनी शहीद स्मारक के शहीद बेदी पर शहीद श्रमिकों के परिजनों, सेल अधिकारी, यूनियन के नेता, राजनीतिक दल के नेता व गणमान्य लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 1:35 बजे आपातकालीन सायरन बजने के साथ दो मिनट का मौन रख लोगों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सर्वप्रथम शहीदों के परिजनों ने नम आंखों से पूजा, अर्चना, दीप व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सेल चासनाला के कार्यपालक निदेशक एस के सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर सर्वधर्म सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें चार समुदायों के धर्मगुरुओं ने शांति पाठ किया। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सभी शहीद मजदूरों और कर्मियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

**भावुक हो गए थे शहीद कोल कर्मियों के परिजन :** इस दौरान शहीद के परिजनों ने खिचड़ी भोग का आयोजन किया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त घटना को लेकर चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे देख शहीदों के परिजन काफी भावुक हुए।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उमा भारती स्कूल की सोनाली नमन बनी स्टेट टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** उमा भारती हाई स्कूल जेरुवाडीह डोमचांच की आठवीं कक्षा की छात्रा सोनाली नमन देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्टेट टॉपर रही। बताते चलें कि सोनाली को 26 दिसंबर को कोमाईकल जॉन ऑडीटोरीयम, बिस्टुपुर जमशेदपुर में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस परीक्षा में पूरे झारखंड से लगभग 2 लाख बच्चे शामिल हुए थे। वहीं सोनाली को अखिल भारतीय गायत्री परिवार के संयोजक ताराचंद अग्रवाल ने विद्यालय परिवार एवं छात्राओं और उनके माता-पिता को बधाई दी। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के डायरेक्टर घनश्याम मेहता बच्चों को और विद्यालय के सभी शिक्षकों को एवं उनके माता-पिता को बधाई दिए। वहीं स्टेट टॉपर रही सोनाली नमन के माता-पिता एवं विद्यालय के प्राचार्य मिथलेश मेहता एवं उप प्राचार्य रुबी मेहता को भी सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### माकपा ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर किया शोक व्यक्त

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री और प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में यूपीए 1 और यूपीए 2 की अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए दृढ़ता से खड़े रहे। उन्होंने ऐसी नीतियां अपनाईं जिनके बारे में उनका मानना ध्ध्था कि वे देश के हित में थीं। वे एक निर्विवाद निष्ठावान नेता थे। सीपीआईएम ने डॉ.मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और उनकी बेटियों और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त किया है।

### 29 दिसंबर को होगा इग्नू का इंडक्शन मीट

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में जुलाई 2024 सत्र के विद्यार्थियों का इंडक्शन मीट 29 दिसंबर 2024 को किया जयेगा। इसमें इग्नू में नामांकित छात्र छात्राओं को इग्नू के विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न विषयों, असाइनमेंट्स संबंधी जानकारी, परीक्षा, री-रजिस्ट्रेशन, प्रोजेक्ट संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त जानकारी जेजे कॉलेज अध्ययन केंद्र की इग्नू समन्वयक डॉ.निकहत परवीन ने दिया। बताते चलें कि जेजे कॉलेज के इग्नू केंद्र में नामांकन एवं पुनः पंजीयन शुरू हो गया है अब जनवरी 2025 के सत्र में नामांकन प्रारम्भ हो गया है। वहीं डॉ निकहत परवीन ने बताया कि जो विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट समेत अन्य कार्यक्रमों में नामांकन ले सकते है। इच्छुक छात्र-छात्राएं इग्नू के वेबसाइट के माध्यम अपना नामांकन ले सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

### चोरी की वारदात से इलाके के लोगों में काफि दहशत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** वार्ड नंबर आठ झलपो में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गयी है, अपराधी लगातार इस क्षेत्र में घरों को निशाना बना रहे हैं। इन घटनाओं से इलाके के लोगों में काफि दहशत है। चोरों ने पिछले दो दिनों में जहां एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया, वहीं तीन घर में चोरी का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने बुधवार रात झलपो निवासी अजय कुमार दास के घर में चोरी का प्रयास किया। चोर यहां घर की सीढ़ी की खिड़की के सहारे छत पर चढ़े थे। हालांकि, समय रहते घर वालों ने आवाज सुनी तो शोर मचाया, इसके बाद चोर भाग निकले। इसी रात एक अन्य घर में चोरी का प्रयास किया गया। घटना की जानकारी गुरुवार को मिलने पर तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची व जानकारी ली। इार 23 दिसंबर की रात चोरों ने इसी इलाके में विनय कुमार दास के बंद घर को निशाना बनाया और हजारों का आभूषण, नकद व सामान चुरा कर ले गये। पीड़ित परिवार बाहर गया था, जब वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखा सोने का कान का झूमका, चांदी का पायल, सात हजार नकदी व कपड़ा आदि गायब है। चोरों ने पास में राजेंद्र जायसवाल के यहां भी चोरी का प्रयास किया।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान जिले के विभिन्न पंचायत, गांवों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर संवेदनशील होकर उन्होने यथोचित व समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। वहीं फरियादियों ने एजुकेशन लोन, जमीन पर जबरन कब्जा करने, नाली अतिक्रमण करने, मारपीट कर लाईसेंस अपने नाम करने, अबुआ आवास बनाने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। वहीं उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## गैरमजरूआ जमीन पर मकान निर्माण और क्रय-विक्रय पर रोक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के मांझगवां पंचायत और ब्रह्मपुर स्थित गैरमजरूआ जमीन पर मकान निर्माण और क्रय-विक्रय रोकने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा ने सरकारी निदेर्शानुसार सूचना बोर्ड लगाया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि खाता नंबर 16, प्लॉट नंबर 23 के अंतर्गत 52 एकड़ 58 डिसमिल भूमि सरकारी है। इस जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य या बिक्री प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज के आदेश के तहत की गई है।सीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की प्रक्रिया जारी है और इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह कदम सरकारी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए उठाया गया है। स्थानीय प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में डॉ. मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में 13वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शोक सभा से हुई, जिसमें स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। वहीं शिक्षक केदार कुमार ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदानों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि कैसे डॉ.सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में भारत ने आर्थिक सुधारों की दिशा में बड़े कदम उठाए, जो आज देश की प्रगति का आधार हैं। अकादमिक हेड इंचार्ज मुकेश शर्मा ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सरलता, सच्चाई और कर्मठता का उदाहरण है। उनकी विनम्रता और दूरदृष्टि ने उन्हें एक उत्कृष्ट नेता बनाया। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय एवं उप प्रधानाचार्य नवल किशोर आनंद ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की सेवा करते हुए जो आदर्श स्थापित किए वे सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। मौके पर सुनील कुमार, तबारक अंसारी, आलम उद्दीन, नागेन्द्र सिंह, बिनोद सिंह, चंदन कुमार, शिवम सिंह, विकास कुमार, अजय कुमार राणा, विजय प्रकाश, कमलेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, इंद्रमणि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि मौजूद थे। वहीं सभा का समापन सभी छात्रों और शिक्षकों द्वारा एक मिनट का मौन रखकर किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया अहिवरण जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अहिवरन जयंती के तत्वाधान में झुमरीतिलैया रांची-पटना रोड स्थित शगुन बैंक्विट होटल में मोदी बर्णवाल समाज झुमरीतिलैया ने महाराजा अहिवरण जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, उद्घाटनकर्ता जिला जज रांची विक्रम आनंद, रिटायर्ड जज अर्जुन मोदी, मोदी समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मोदी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, डॉ. जेपीएन बर्णवाल, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सुमन और परियोजना निदेशक अजय बर्णवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं महाराजा अहिवरण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। वहीं अहिवरण वंशज के युवाओं द्वारा अतिथियों को फ्लावर पोट और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं समाजसेवी सुरेन्द्र मोदी ने कहा कि अहिवरण महाराज जैसे महान व्यक्तित्वों की जयंती हमें उनके शिक्षा और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के प्रेरणा देती है। समाज में समानता, भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देना ही हमारे प्राथमिकता होनी चाहिए।

वहीं एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज विक्रम आनंद ने युवाओं को न्याय और कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं मोदी समाज के युवक युक्तियां जो आईआईटी, मेडिकल और सिविल सर्विसेज में अपना मुकाम हासिल किया, उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें की कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से समां बांधे रखा। जिसमें बच्चों ने एक से एक डांस प्रस्तुत कर सभी लोगों का मन मोह लिया। वही महिलाओं के बीच फन गेम का भी आयोजन किया। वहीं अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि हमारे समाज के युवा हर क्षेत्र में आगे हैं। हमारे क्षेत्र की बेटे बेटियां इंजीनियरिंग, मेडिकल, फैशन डिज़ाइनर, खेल के क्षेत्र में भी काफी आगे आ चुके हैं, बस उन्हें सहयोग करने की जरूरत है। मौके पर डॉ. बर्षा मोदी, अनूप कुमार बर्णवाल, पंकज बर्णवाल, देवनारायण मोदी, डॉ.विकास चन्द्र, डॉ. प्रमोद बर्णवाल, डॉ. रूपा कुमारी, डॉ.सुनील मोदी, डॉ.नीरज चन्द्र, डॉ.राजन कुमार, डॉ.आशीष चंद, आरती बर्णवाल, मानसी राज, सनाया मोदी, अनन्या भारती, सकलदेव कुमार, पल्लव बर्णवाल, विकास बर्णवाल, विक्की बर्णवाल, संजीव कुमार, वरुण मोदी, पंकज बर्णवाल, सुशांत सुमन, डब्लू मोदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आदि पुरुष महाराजा अहिबरण जयंती समारोह सम्पन्न



**चन्दवारा (कोडरमा )।** दुर्गा मंदिर प्रांगण चन्दवारा में आदि पुरुष महाराजा अहिबरण की जयंती पर राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मनोज प्रसाद बर्णवाल व संचालन सचिव मुन्ना कुमार बर्णवाल ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अजय मोदी एवं जिला संगठन मंत्री प्रशांत कुमार सुमन उपस्थित थे। वहीं मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने उपस्थित लोगों से सामाजिक एकता बनाए रखने की बात कही। उन्होंने समाज के लोगों से महाराजा अहिवरन के पद चिन्हों पर चलने को कहा। मौके पर प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, गौतम कुमार, ओम शरण बर्णवाल, पप्पू मोदी, विजय कुमार मोदी, आयुष कुमार, पंकज बर्णवाल, ओम प्रकाश, रोहित कुमार मोदी, मुरली मोदी, गोविंद प्रसाद मोदी, कृष्ण कुमार, शंभू मोदी, चंदन कुमार मोदी, नारायण मोदी, राजकुमार मोदी, सुरेंद्र कुमार, टुन्नु मोदी, अनिल कुमार बर्णवाल, सुनील मोदी, सुभाष प्रसाद बर्णवाल, संजय कुमार मोदी, आनंद मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर भद्रकाली महाविद्यालय में शोकसभा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, नई आर्थिक नीति के जनक और एशिया के विख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण के कदमों ने भारत में आर्थिक क्रांति का सूत्रपात किया।प्राचार्य ने डॉ. सिंह के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में योगदान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई। सभा में उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।कार्यक्रम में सभी ने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और उनके अद्वितीय योगदान को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर योगगुरु शंकर चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त वनपाल रामवृक्ष यादव, प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो. सकेंद्र मिस्त्री, प्रो. ललित मोहन सिन्हा, डॉ. ईभा सिन्हा, प्रो. मधुबाला, प्रो. राकेश, प्रो. पंकज, प्रो. ललित सिंह, डॉ. संदीप कुमार, प्रो. अखिलेश पांडेय सहित कई शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा

**चतरा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और नई आर्थिक नीति के जनक डॉ. मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसंबर 2024 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में हो गया। उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। भारत सरकार ने दिवंगत नेता के सम्मान में 26 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है।इस दौरान पूरे देश में सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। झारखंड सरकार ने भी केंद्र सरकार के निर्णय का अनुसरण करते हुए राज्य में सात दिनों के राजकीय शोक का निर्णय लिया है। इस अवधि में झारखंड के सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, और किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में देश की सेवा की और भारत को वैश्विक स्तर पर आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से देश ने एक महान अर्थशास्त्री और कुशल नेता को खो दिया है।

## एक नजर में

### प्रखंड कर्मियों के साथ बीडीओ ने की बैठक, योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को बीडीओ राहुल देव ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में आवास समेत अन्य प्रखंड स्तरीय योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।बीडीओ ने रोजगार सेवकों को मनरेगा से संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर अभिलेख बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बीडीओ ने सभी कर्मियों को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों की प्रगति का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, प्रियंका प्रिया, उज्जवल सिंह, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार वर्मा, पार्वती कुमारी और निर्मल दांगी समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### नये साल के जश्न में शराब का बढ़ता प्रचलन, सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के सवाल

**चतरा।** नया साल करीब आते ही शहर के पिकनिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर उत्सव का माहौल बनने लगा है। हालांकि, इस जश्न के बीच शराब का बढ़ता उपयोग चिंता का विषय बनता जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और हुड़दंग मचाने की घटनाएं स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती बन गई हैं।बीते साल के अनुभवों को देखते हुए, पुलिस प्रशासन ने इस बार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का दावा किया है। प्रमुख पिकनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि वे नए साल का स्वागत सकारात्मक और स्वस्थ तरीकों से करें। नए साल का जश्न परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशी से मनाएं, लेकिन अपने और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। शराब का सेवन करके किसी की जिंदगी खतरे में डालना उचित नहीं। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए साल का स्वागत जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ करें, ताकि यह यादगार और सुरक्षित बने।

### मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक, जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को मनरेगा योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) साकेत कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन बीपीओ राकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक के दौरान पंचायतवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को शीघ्रता से पूरा कर अभिलेख बंद करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पुरानी योजनाओं का समापन नहीं होगा, तब तक नई योजनाओं का चयन नहीं किया जाएगा। सभी योजनाओं की जांच-पड़ताल और उचित निगरानी के बाद कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में नवादा पंचायत मुखिया भारत यादव, पंचायत प्रतिनिधि शकील अखिलेश प्रसाद यादव, कुंदा पंचायत प्रतिनिधि सचिन राजू कुमार, रंजन मुकेश कुमार यादव, मिथिलेश कुमार, नवीन कुमार, सुधन कुमारी, बीएफटी प्रदीप कुमार, सुबोध कुमार, सुधीर कुमार, आशीष कुमार, शीतल गुप्ता समेत दर्जनों मनरेगा कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

### दो घरों से लाखों रुपये का सामान की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। बताते चलें कि बुधवार की रात चोरों ने बिचरिया में दो घरों से लाखों रुपये का सामान चुरा लिया, वहीं चार घरों में चोरी का प्रयास किया गया। घटना को लेकर पीड़ित दीपक राम ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि बुधवार को उनका परिवार एक रिश्तेदार के यहां गया हुआ था, गुरुवार को जब वापस लौटे तो अपने घर का मुख्य द्वार खुला पाया। जब घर के अंदर गये तो सारा सामान बिखरा हुआ देखा। वहीं घर में रखे लगभग पौने दो लाख के जेवरात, लगभग पचास हजार का बर्तन, 50 हजार का इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े व पांच हजार रुपये नकद चोर ले गय। इधर, बिचरिया निवासी बीरेंद्र यादव के घर से भी चोरों ने हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। चोरों ने सतीश वर्मा, रामदेव यादव, मनोज वर्मा व सुखदेव वर्मा के घर में भी चोरी का प्रयास किया। वहीं एसआई गोविंद सिंह मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गये।

**आाा दर्जन से अधिक हो चुकी है चोरी की घटनाएं :** थाना क्षेत्र में चोरों का गिरोह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहा है। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में हाल में करीब आधा दर्जन दो पहिया और चार पहिया वाहनों की चोरी हुई है। यही नहीं ब्लॉक चौक स्थित एक दुकान में भी चोरी हो चुकी है। चोरी की इन घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर से हीरो होण्डा सीडी.डिलक्स मोटरसाईकिल की चोरी हुई थी। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 340/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा चोरी गयी मोटरसाईकिल एवं अज्ञात चोर का पता लगाने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना संकलन एवं छापामारी कर उक्त घटना में चोरी की गई मोटरसाईकिल के साथ एक अभियुक्त 19 वर्षीय अजय कुमार पिता बालचंद यादव कोड़ेया थाना गुरपा जिला नवादा बिहार निवासी को नवादा से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में तिलैया थाना के द्वारा विधि सम्मत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि. नितई चंद्र साह तिलैया थाना, सअनि.सुजीत कुमार व सशस्त्र बल तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस का आयोजन

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को महान बलिदान और साहस का प्रतीक मानते हुए छात्रों को सिख गुरु गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों साहिबजादे अजित सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह एवं साहिबजादे फतेह सिंह के बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बालकों के आदर्श हमें सत्य, धर्म और न्याय के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे इन वीरों के साहस और बलिदान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। इस कार्यक्रम में सिख समुदाय के छात्रों दशनीत सिंह, अविजोत सिंह, जसमीत सिंह, मन्नत छाबड़ा, कीरत कौर, गगनदीप कौर, हर्ज़स कौर, हरजोत कौर, सीरत सलूजा के द्वारा अपनी शिक्षिका सुप्रीत कौर के साथ शबद कीर्तन का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन छात्रों के भीतर साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का एक सफल प्रयास रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

# नीलम कंस्ट्रक्शन कंपनी के गार्ड की हत्या

## लेवी को लेकर उग्रवादी संगठन झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा द्वारा घटना को दिया गया है अंजाम

■ घटनास्थल पर पर्चा छोड़कर संगठन के प्रदीप सिंह ने ली है जिम्मेवारी

■ हत्या के बाद इलाके में सनसनी, मौके पर पहुंची पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** लातेहार व चंदवा थाना क्षेत्र के सीमाना अंतर्गत गुरुआदह ओरंगा नदी पर चल रहे पुल निर्माण कार्य में लगे कंपनी के रात्रि प्रहरी की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई, मृतक गार्ड की पहचान भुसुर पंचायत के कुलगड़ा ग्राम निवासी बालगोविंद साव के रूप में हुई है। जो पंचायत के वार्ड सदस्य भी थे। गार्ड की निर्माण हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पूरी घटना गुरुवार की रात्रि करीब 10:00 बजे की बताई जा रही है। सूचना के बाद शुक्रवार की अहले सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेने के साथ अग्रतर कार्रवाई में जुटी है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से पुलिस के द्वारा उग्रवादी संगठन झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा (जेएसजेएम) के प्रदीप सिंह के नाम से संगठन के लेटरहेड पर हस्त लिखित पर्चा भी बरामद किया है। जिसमें लेवी नहीं देने के कारण उक्त कांड को अंजाम दिए जाने की बात उल्लेखित है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी मुंशी ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि गरीब 9:00 बजे 8-10 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी साइट पर आ धमके, रात्रि विश्राम कर रहे कर्मियों से नाम पूछ कर मार-पीट शुरू शुरू कर दिया व गार्ड बाल गोविंद साव को कब्जे में ले कर नदी की ओर ले गया। मुंशी के अनुसार वह मौके से किसी प्रकार जान बचाकर भागने में सफल रहा व इसकी सूचना बाल गोविंद साव के परिजनों को दी। इसके बाद ग्रामीणों व परिजन के साथ कार्य स्थल पहुंचे तब तक उग्रवादी घटना को अंजाम देकर जा चुके थे। मुंशी के अनुसार लेवी को लेकर लगातार धमकी भरा फोन कॉल पूर्व में भी आता था। विदित हो कि आरईओ विभाग की ओर से लगभग 9 करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका कंस्ट्रक्शन कार्य नीलम कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा था। इधर कंस्ट्रक्शन कार्य में लगे नीलम कंपनी के गार्ड की हत्या के बाद प्रशासन भी हरकत में आ गई है। पुलिस सभी बंधुओ को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।


मृतक युवक।

### मृतक के घर पहुंचे प्रकाश राम, बंधाया ढाढस

इधर बल गोविंद साव की हत्या की सूचना के बाद लातेहार विधायक प्रकाश राम गांव पहुंचे व पीड़ित परिवार से मुलाकात की व ढाढस बंधाया। मुलाकात के दौरान उन्होंने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत हर संभव मुआवजा दिलाने के पहल करने का भरोसा भी दिया।

## लातेहार अंचल बिचौलियों के हाथ में

■ अधिकारी के पास पहुंचने से पहले बिचौलियें द्वारा ले लिया जाता है कागजात

■ बिना मोटी रकम लिये नहीं होता है अंचल में काम

**विक्रम कुमार**

**लातेहार।** अम्बाकोठी निवासी हिमांशु कुमार ने अंचल कार्यालय में बिचौलिया का हावी होने की बात बताई है। हिमांशु ने खबर मन्त्र संवाददाता को बताया कि जब मै अपने जमीन जिसका खाता संख्या 27, प्लॉट 164, रकबा चार डिसमील, मौजा तापाखास का ऑनलाईन करवाने हल्का चार कर्मचारी सर्वेश राम के पास गया तो उन्होंने बताया कि यह सारा कागज ले जाकर आशा मंजू नगेशिया के पास जमा कर दिजिए काम वहीं से आगे बढ़ेगा। जिसके बाद मैने कागजात लेकर अंचल कार्यालय पहुंचा वहीं कार्यालय के बाहर पहले से मौजूद बिचौलिया ने रोक लिया और क्या काम है पुछने लगा और एक ऑफिसर की तरह कागजात की जांच करने लगा। जिसके बाद बिचौलिया द्वारा पुछा जाता है कि आपसे ऑनलाईन का काम हो जाएगा क्या? कागजात दिजिए सारा काम मै करवा दुंगा लेकिन इसके एवज में पैसा भी लगेगा जिसके बाद मैने उनसे अंचल कार्यालय में कौन से पोस्ट में होने की जानकारी मांगी लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार से जानकारी देने से मना कर दिया और टालमटोल जवाब देने लगा। जब मैने अंचल में ही आस-पास लोगों से पुछताछ करने लगा तो उन्होंने बताया कि यह ऑलराउंडर का काम करता है जो एक बिचौलिया है। फिर मै उसे कागज नहीं देकर अंचल महिला कर्मी को कागजात दे दिया हुं। इस संबंध में अंचलाधिकारी से दुरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।


ऑनलाईन का कागजात।

## विवादों से घिरे बीराटोली कोल साइडिंग में काम शुरू होने की सुगबुगाहट

■ गुरुवार की रात्रि साइडिंग में डंप हुआ 4 हाईवा कोयला, चर्चाओं का बाजार गर्म

■ साइडिंग शुरू होने को लेकर दो पक्ष में नजर आ रहे हैं ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले थाना क्षेत्र अंतर्गत बीराटोली कोल साइडिंग में काम शुरू होने की सुगबुगाहट देखी जा रही है। गुरुवार की देर रात्रि से बिराटोली कोल साइडिंग में कोयला डंप होना भी शुरू हो गया है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि गुरुवार की देर रात्रि पुलिस की मौजूदगी में 4 हाईवा कोयला भी डंप कर दिया गया। जिसको लेकर चचाओं का बाजार भी गर्म हो गया है। इधर साइडिंग में कोयला डंप होने के बाद ग्रामीण भी दो पक्ष में नजर आ रहे हैं। गांव के कुछ लोग ग्रामीण पथ होते हाईवे का परिचालन नहीं करने की मांग पर अड़े है, जिसको लेकर शुक्रवार की दोपहर ग्रामीणों की बैठक भी हुई है, जिसमें हो हंगामा भी होने की बात सामने आई है। हालांकि साइडिंग में किस कंपनी का कोयला गिरा है यह स्पष्ट रूप से बताने को कोई आगे नहीं आया है। ग्रामीणों की माने तो गांव के हीं धीरज जायसवाल द्वारा कोयला डंप कराया गया है।

धीरज जायसवाल से बात करने पर उन्होंने कोयला डंप के जाने की बात स्वीकार की है, उन्होंने कहा कि उनके ही पहल पर कोयला डंप हुआ है। क्षेत्र के लोगो को रोजगार चाहिए इसलिए काम शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं बीरा टोली कोल साइडिंग का आवंटन डीवीसी कंपनी को हुई है। यहां पर डीवीसी की एक सहायक कम्पनी काम करेगी। लेकिन कोयला डंप के मामले में वह कंपनी के प्रतिनिधि ने कोयला डंपिंग करने की बात से इंकार किया है।


चार हाईवा कोयला।

### क्या कहती है प्रशासन

इस संबंध मे पूछे जाने पर प्रभारी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि कोयला डंप करने वाले लोगो से कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया है, कोयला कहां से आया और किस कम्पनी का है सारा दस्तावेज को देखने के बाद ही कुछ स्पस्ट हो पायेगा।

## जमीन विवाद में महिला के साथ मारपीट, मामला पहुंचा थाना

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला ग्राम पंचायत में शुक्रवार को जमीन विवाद में एक महिला के साथ जमकर मारपीट की जाने का मामला सामने आया है। पिटाई से सुलेखा देवी पति रोहित ठाकुर (चकला) गंभीर रूप से घायल हुई है व उनके सर पर गंभीर चोट आई है। मामले में सुलेखा देवी ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही चाचा ससुर देवदीप ठाकुर, देवर गौतम ठाकुर, ननद संध्या कुमारी पर लाठी डंडे व ईंट पत्थर से मारपीट करने का आरोप लगाई है। आवेदन उन्होंने बताया है कि शुक्रवार की सुबह वह अपने बारी में घोरान घर रही थी, इसी दौरान उक्त लोग आए व मारपीट की। घ्यायलावस्था में सास ने अस्पताल पहुंचाया व प्राथमिक उपचार कराया। इधर मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस सभी तथ्यों व बिंदुओं को ध्यान रखते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।


घायल महिला।

## घर से लाखों की चोरी, तफ्तीश में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत चमरडीहा में भगवान प्रसाद के घर में अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी कर इलाके में सनसनी फैला दी है। चोरों ने गुरुवार की अर्धरात्रि में उस समय घटना को अंजाम दिया जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए थे। चोरों ने घर में घुसकर लगभग सत्तर हजार रुपए नगद, पांच लाख के आभूषण और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जागने पर परिवार ने जब घर में बिखरा सामान देखा तो चोरी का पता चला। घटना की जानकारी मिलते ही भगवान प्रसाद ने तुरंत बरवाडीह थाना में शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और एएसआई अनुराग कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने छानबीन करते हुए संदिग्धों की तलाश में इलाके में छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। इस घटना से एक बार फिर स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। हाल के दिनों में क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। कुछ दिन पहले ही बरवाडीह बाजार में दो सोना व्यवसाई के दुकान में भी चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया था। लेकिन अब तक पुलिस उस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

एक बार फिर चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले की गहन जांच का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। हालांकि, क्षेत्र के लोग पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के सामान को बरामद किया जा सके।


घटना की पड़ताल करती पुलिस।

## पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री सह अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने 92 साल की आयु में दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक व्यक्त करते हुए इनके परिजनों चाहने वालों के प्रति संवेदना प्रकट किया है। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि 1991 में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में डॉ. मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय की बागडोर संभाली थी, तब अर्थव्यवस्था बहुत गहरे संकट के दौर से गुजर रही थी, ऐसी परिस्थिति में डॉ सिंह ने केंद्रीय बजट 1991-92 के माध्यम से देश में नए आर्थिक युग की शुरूआत कर स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ लेकर आए थे, साहसिक आर्थिक सुधार कर कई क्षेत्रों को निजी एवं विदेशी कंपनियों के लिए खोलकर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का काम उन्होंने किया था, डॉ. मनमोहन सिंह मध्यम वर्ग के हितैषी भी थे उन्होंने सूचना के अधिकार से लेकर भोजन, स्वास्थ्य का अधिकार देश को दिया। डॉ. मनमोहन सिंह का चले जाना देश के लिए बड़ी हानि है, साथ ही दुनिया ने एक बड़ा अर्थशास्त्री खो दिया है। डॉ0 मनमोहन सिंह को भारत में 1 रुपये से 100 रुपये तक के करेंसी नोटों पर हस्ताक्षर करने वाली एकमात्र हस्ती होने का अनूठा गौरव प्राप्त है, देश में 1 रुपये के नोट पर वित्त सचिव और 2 रुपये और उससे ऊपर के नोट पर भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं, डॉक्टर सिंह ने दोनों पदों पर कार्य किया था। शोक व्यक्त करने वालों में रामयश पाठक, श्रीराम शर्मा, निर्मल भारती, मोफिल खान, संजय दुबे, बाबर खान, गंदरु उरांव, अरुण भारती, अनवर खान, लखन जायसवाल, दामोदर उपाध्याय, छठन राम, करनालस एक्का, गिद्योंन खाखा, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, मो. छोटु, मो. रशीद, सरवर अंसारी, शम्स अलम, सागर प्रजापति, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, ममता देवी, अनीता देवी, विनीता कुमारी, साजीद खान, हसनैन, रीझ रूश पॉल एक्का, कुशेश्वर यादव, तपेश्वर भुइयां, अजीत लोहारा, नारायण गंझू,समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं।


असगर खान।

### मनिका विधानसभा के विधायक को डिग्री कॉलेज के समस्याओं से छात्र नेता उत्तम कुमार ने करवाया अवगत

## पांच वर्षों में पूरा होगा कॉलेज का विकास: रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह का दिन शुक्रवार को मनिका में आगमन हुआ। जहां पर उनकी अगुवाई छात्र नेता उत्तम कुमार ने अपने आवास में किया। वहीं उनके इस प्रवास के दौरान छात्र नेता उत्तम कुमार ने डिग्री कॉलेज मनिका के विभिन्न समस्याओं से मनिका विधायक को अवगत कराया। मौके पर उत्तम कुमार ने बताया कि डिग्री कॉलेज अपने नए भवन में 2019 में ही चली गई लेकिन महाविद्यालय अभी भी अपने मूलभूत समस्याओं से गुजर रहा है। वहीं उतम कुमार ने विधायक से महाविद्यालय परिसर के अंदर दोनों ओर से पीसीसी सड़क निर्माण, महाविद्यालय में स्थित तालाब का सुंदरीकरण, महाविद्यालय में सीसीटी वी कैमरा, महाविद्यालय में सभी संकाय में शिक्षकों की बहाली, महाविद्यालय में बने पुस्तकालय का सुचारू संचालन, समेत कई मांग किए। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि डिग्री कॉलेज मनिका के विकास के लिए हर तरह से सार्थक कदम उठाए जाएंगे, सभी मांगों को पूरी करना हमारी जिम्मेदारी है। अपने इन पांच सालों के कार्यकाल में महाविद्यालय के विकास के लिए जो भी सार्थक कदम होंगे उठाए जाएंगे। उक्त मौके पर कामख्या प्रसाद,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव, वृंदबिहारी यादव, विश्वनाथ पासवान, सुरेंद्र भारती, सुनील प्रसाद, जितेंद्र कुमार, रौशन साहू, विकास कुमार, रौशन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



## घर से लाखों के सोने एवं चांदी के गहनों की चोरी

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के आमर गांव में 26 दिसंबर की रात्रि में भीषण चोरी का मामला प्रकाश माया है। इधर इस संबंध में भुक्तभोगी आमर गांव निवासी रामनाथ पांडे के पुत्र रवि भूषण पांडे ने 27 दिसंबर को थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि माता जी के तबीयत खराब होने के कारण कुछ दिन पहले घर में ताला बंद कर रांची में इलाज करवाने गए थे। इधर संबंधियों के द्वारा 26 दिसंबर को घर का मेन दरवाजा खुला होने की सूचना मिली। उसके बाद आने के पश्चात देखा तो घर में रखा 1 लाख 45 हजार नगद सहित तीन सोने का चैन,तीन जोड़ी कान के झुमके और 5 जोड़ी पायल के साथ दो सोने का लॉकेट और कई बेस कीमती साड़ियों की चोरी हो गई। जिसके कारण हम सपरिवार सदमे में है। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि दिए गए आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर इस संबंध में एस आई संजय मुंडा ने बताया कि भुक्तभोगी के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष मोर्चा का धरना प्रदर्षन जारी

**खबर मन्त्र संवाददात**

**भवनाथपुर।** एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष पांचवे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन के पांचवे दिन धरना स्थल पर पहुंचे झामुमो नेता दीपक प्रताप देव तथा सोगरा बीबी ने मजदूरों को अपना समर्थन दिया। धरनास्थल पर मजदूरों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि विस्थापितों एवं मजदूरों द्वारा प्लांट कटिंग के विरोध में पिछले पांच दिनों से जारी धरना प्रदर्शन और उनकी मांगो को सेल प्रबंधन अनसुना कर रही है। विस्थापित परिवार और मजदूरो के संघर्ष में मै अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए उनका साथ देने को तैयार हूं। पूर्व के विस्थापितों की शहादत को जाया नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में मजदूरों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन पर सेल प्रबंधन कान में तेल डालकर सोया हुआ है। सेल प्रबंधन मजदूरों की मांगो को अविलंब पूरा नहीं की तो यह लड़ाई आर पार की होगी। अंतिम लड़ाई में सेल के सीआईएसएफ के जवान अगर गोली चलाते है, तो पहले मुझ पर गोली चलेगी तो ही मेरी लाश पर क्रशिंग प्लांट का कटिंग होकर यहां से जायेगा। कहा कि बंद खदानों को चालू करते हुए मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करे, अन्यथा ईंट से ईंट बजा देंगे। मौके पर इंटक यूनियन के सुशील चैबे, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बीरेंद्र साह, रामविजय साह, शंभू राम, झामुमो के ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव, बूटा सिंह, विजय राउत सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

### झामुमो नेताओं और विस्थापित मजदूरों ने प्लांट का लिया जायजा


जानकारी लेते झामुमो नेता।

सेल प्रबंधन द्वारा प्लांट स्क्रैप का कटिंग स्थगित किए जाने की बात कहे जाने के बाद धरना के पांचवे दिन धरना स्थल पर पहुंचे झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, सोगरा बीबी, इंटक नेता सुशील चैबे, विस्थापित मजदूरों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा सेल के सीआईएसएफ के जवानों के साथ प्लांट के अंदर पहुंचकर स्क्रैप कटिंग का जायजा लिया। इस दौरान झामुमो नेताओं और विस्थापित मजदूरों ने देखा कि पिछले पांच दिनों से सेल प्रबंधन द्वारा प्लांट के कटिंग पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद उक्त सभी लोग वापस धरना स्थल लौट कर नेताओं ने सेल प्रबंधन के अधिकारी 24 घंटे के अंदर धरना स्थल पर पहुंचकर मजदूरों की अन्य मांगों को पूरा करें।

## एक नजर में

### ट्रक के धक्के से 8 वर्ष की बच्ची घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम के पास शुक्रवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने 8 वर्षीय बच्ची को धक्का मार दिया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गीता कुमारी 8 वर्ष पिता रामवृक्ष भारती ग्राम गोनिया थाना बरियातू निवासी सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक जेएच02बीएन6756 ने धक्का मार दिया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर बारियातु पुलिस ने उक्त ट्रक को अपने कब्जे में कर लिया।

### डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बालूमाथ।** बालूमाथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आमिर हयात के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया ।और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार एवं प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर बोलते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो .आमिर ने कहा कि डॉ . सिंह को भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के स्तंभ के रूप में याद किया जाता है। उनका योगदान देश के विकास के लिए अद्वितीय और अमूल्य था। वहीं पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो .जुबैर ने कहा डॉ . मनमोहन सिंह ने भारत को आर्थिक सुधारों की दिशा में एक नई ऊंचाई दी। उनका नेतृत्व और सादगी हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। उनका जाना न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस मौके पर वरिष्ट कांग्रेसी नेता मोतिउर रहमान, पश्चिम मंडल अध्यक्ष करमदेव भगत, पूर्वी मंडल अध्यक्ष मो अबरार, महिला अध्यक्ष इमराना, साबिर, प्रिंस, मुन्ना, आकिब, फैसल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पिछले छः माह से सोलर जलमिनार खराब

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित गंगा सिंह के घर के पास 15 वें वित से लगाए गए सोलर जलमिनार पिछले छः माह से खराब है। ग्रामीण रामदेव सिंह, राजेश सिंह, परमानंद सिंह, रमेश सिंह, रविंद्र सिंह, विशुनदेव सिंह, रंजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की जबरा मे लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए 15 वें वित से सोलर जलमीनार लगाया गया था। परन्तु पिछले छः माह से खराब पड़ा हुआ है। जिससे यहाँ के लोगों को दैनिक कार्य सहित अन्य कार्यों मे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सम्बंधित पंचायत के मुखिया से कई बार मरम्मत करवाने का भी आग्रह किया गया लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अविलम्ब सोलर जलमिनार मरम्मत करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है। उक्त सम्बन्ध मे मुखिया राजीव भगत से बात किए जाने पर बताया की वहाँ कई बार मरम्मत कराने के लिए मिस्त्री भेजे परन्तु वहां कुछ लोग बनने के लिए समर्थन करते है और कुछ लोग विरोध करते है जिसके कारण मरम्मत नहीं हो सका है।


मांग करते लोग।

### स्वतंत्रता सेनानी निलांबर पीताम्बर की 10 जनवरी को जन्म शताब्दी मनाने को लेकर हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड स्थित बारिखाप के निलांबर पीताम्बर समार्क स्थल मे शुक्रवार को खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानी निलांबर पीताम्बर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए 10 जनवरी 2025 को धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ जन्म शताब्दी मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्य अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ भोगता ने कई आवश्यक जानकारी दिया। बैठक का संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सेड़ा गंझु ने की मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम गंझु, योगेंद्र गंझु, बिनोद गंझु, कुलदीप अशोक, मुकेश,रामेश्वर प्रकाश, रामा, दिलीप, सुरेश, चिंतामनी, प्रकाश, उमेश, गौरी शंकर सहित कई लोग मौजूद थे।

### हाथियों ने टमाटर सहित धान को खाकर किया नष्ट

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत के मंजुआखाड़ निवासी संजीत गंझु पिता रामजस गंझु का तोड़े हुए टमाटर टांड़ में रखा हुआ था। बिते रात जंगली हाथियों ने आकर लगभग 18 से 20 क्विंटल टमाटर खाकर नस्ट कर दिया साथ ही पैरो से रौंद दिया जिससे लगभग 18 से 20000 की रुपए की आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं लखन गंझु के घर के बाहर लगभग ढाई से 3 क्विंटल उबाल कर रखा हुआ धान खाकर नस्ट कर दिया साथ ही दीपक गंझु के घर के चार दीवारी को भी तोड़फोड़ कर ध्वस्त कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी क्षति हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



### धुरकी के मजदूर की कटनी में मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत के ब्याही महुआ टोला निवासी 45 वर्षीय राजेश भुईयां की मौत सरिया सेटिंग में कार्य करने के दौरान गिरने से हो गई। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश अपने गांव के अन्य लोगों के साथ कटनी बिलासपुर काम करने गया था। जहां काम करने के दौरान उसे उल्टी, दस्त होने लगी। घर लौटने के बाद मुंह से ब्लड आने लगा। आनन फानन में ठेकेदार ने इलाज कराया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक राजेश का शव एंबुलेंस से रात्रि 11 बजे उसके घर भेज दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के निर्देश पर एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव शव का पंचनामा कराकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। मौके पर उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतनारायण बैठा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि साहेब राम, नरकुल भुईयां, प्यारी भुईयां, लालू भुईयां, अशोक राम जियादुद्दीन खा, विनोद प्रजापति आदि मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया डोर टू डोर प्रोग्राम

**गढ़वा।** माननीय नालसा एवं झालसा के अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव रवि चैधरी के आदेशानुसार शुक्रवार को शहर के काली स्थान के समीप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर प्रोग्राम किया गया। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा ने आपस की छोटी छोटी विवाद को लेकर आपसी झगड़े जो होते हैं उसको आपसी समझौते के साथ कैसे ठीक किया जा सकता है तथा इसमें पीएलवी और मेडिटेशन सेंटर की क्या भूमिका होती है इसकी जानकारी दी।

